कल 22 मार्च है, याद है ना

काल करे सो आज कर... जनता कर्फ्यू

सबसे पहले यह जान लीजिए : उदयपुर में अब तक एक भी कोरोना पॉजिटिव नहीं

शुक्रवार को एमबी में भर्ती पांच लोगों सहित उदयपुर में अब तक 30 संदिग्धों की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

सतर्कता के लिए हमें यह काम करना है

- जरूरी नहीं हो तो घर से बाहर नहीं निकलेंगे।
- न भीड़ करेंगे न ही भीड़ का हिस्सा बनेंगे।

यह इसलिए जरूरी क्योंकि

- कोरोना को हराना है

14 देशों से आए 14 क्वारेंटाइन, 90 होम आइसोलेट, निगरानी में पुलिस तैनात

रात 2 बजे राहत की खबर : एमबी में भर्ती चार, अनंता में भर्ती एक संदिग्ध की रिपोर्ट निगेटिव

एहतियात : ओटीसी को भी बनाया होम क्वारेंटाइन भवन, सीआई सहित 15 जवान तैनात

सिटी रिपोर्टर | उदयपुर

एमबी अस्पताल के कोरोना वायरस वार्ड में शुक्रवार को पांच संदिग्ध लोगों को भर्ती किया है। इनमें से 4 संदिग्धों की रिपोर्ट देर रात 2 बजे आ गई, सभी निगेटिव मिले। एक की रिपोर्ट अभी नहीं आई है। वहीं अनंता अस्पताल में भर्ती एक अन्य संदिग्ध की रिपोर्ट भी निगेटिव आई है। सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि गीतांजलि मेडिकल कॉलेज में भर्ती झुंझुनूं के एमबीबीएस स्टूडेंट और पुणे में सहेली के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद एमबी में भर्ती की गई उदयपुर की 26 वर्षीय युवती की जांच रिपोर्ट भी निगेटिव निकली है। युवती लंदन घूमकर आई थी। वहीं अनंता अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में 36 वर्षीय युवक को भर्ती किया गया है। अस्पताल के रजिस्ट्रार नितिन शर्मा ने बताया कि यह युवक तीन दिन पहले भीलवाड़ा के ब्रजेश बांगड़ से अनंता अस्पताल आया था, हालांकि इसके सर्दी-जुकाम-बुखार की शिकायत नहीं हैं। देर रात इसकी रिपोर्ट निगेटिव आई। उदयपुर में अब तक भर्ती रहे सभी 30 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। शुक्रवार को एमबी अस्पताल के कोरोना वायरस वार्ड में भीलवाड़ा से एक युवक, महाराष्ट्र से आए खारोल कॉलोनी निवासी युवक, लंदन की 23 वर्षीय चिकित्सक युवती और इंग्लैंड से लौटे 21 वर्षीय युवक को भर्ती किया गया है। इंग्लैंड से लौटे युवक को भर्ती करने पर उसकी मां ने कोरोना वायरस वार्ड के बाहर हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सख्ती दिखाई तब जाकर युवक को भर्ती किया गया।

भीलवाड़ा-झुंझुनूं-विदेश से उदयपुर आने वाले सभी लोगों की स्वास्थ्य जांच जरूरी

भीलवाड़ा के 3 चिकित्सकों और 3 नर्सेज के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद उदयपुर में एहतियात बरती जा रही है। सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि भीलवाड़ा के जो चिकित्सक पॉजिटिव पाए गए हैं उन्होंने 1-17 मार्च तक 9 हजार मरीजों का इलाज किया। इन 9 हजार मरीजों में उदयपुर के भी मरीज हो सकते हैं। उदयपुर के जो मरीज 1 से 20 मार्च के बीच भीलवाड़ा के ब्रजेश वांगड़ अस्पताल में इलाज कराकर आए हैं वे अपने स्वास्थ्य की जांच करना बेहद जरूरी है। इस दौरान वांगड़ अस्पताल में इलाज कराने वाले अगर बुखार-जुकाम-खांसी की शिकायत से पीड़ित हैं तो भर्ती होकर कोरोना वायरस की जांच कराने आगे आएं। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए झुंझनू और विदेश से आने-जाने वाले सभी लोगों की भी जांच करना जरूरी है।

सतर्कता ही बचाव

भीलवाड़ा-झुंझुनूं-विदेश से आने वालों की सूचना- 0294-2414620 पर दें

सीएमएचओ डॉ. दिनेशचंद्र खराड़ी ने बताया कि गत 1 मार्च से अभी तक भीलवाड़ा, झूंझुनूं और विदेश यात्रा से उदयपुर लौटने वालों की जानकारी नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0294-2414620 पर दें। भले ही इन व्यक्तियों में सर्दी, जुकाम और बुखार के लक्षण नहीं हों। यह सतर्क ही कोरोना के बढ़ते संक्रमण को कम कर सकती है। इन शहरों और विदेश से लौटने वाले लोगों को खुद आगे आगे आकर अपने-अपने स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए।

एहतियात और गलतफहमी की दो तस्वीरें... पहली बार फतहसागर पाल पर प्रवेश बंद, शाम को धान मंडी में हुजूम

कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए हर स्तर पर एहतियात बरती जा रही है। शासन-प्रशासन रोज नई गाइड लाइन जारी कर रहे हैं। आमजन भी जागरूक हो रहे हैं, जो फेस्टिव सीजन में कई सामूहिक आयोजन रद्द कर चुके हैं। लेकिन अफवाहें मिसिंग लिंक बनी हुई हैं। शुक्रवार दोपहर में वीरान फतहसागर पाल प्रयासों और जागरूकता बता रही थी, जहां ऐसा पहली बार था, जब आमजन की दिनोदिन कम हो रही आवाजाही पहली बार बंद कर दी गई। दूसरी ओर शाम को धानमंडी में राशन खरीदने के लिए हुजूम उमड़ पड़ा। अफवाह थी कि शहर में राशन भी नहीं मिल पाएगा।

घर वापसी की अफरा-तफरी

बसों में इस तरह ठूंस-ठूंस कर महाराष्ट्र-गुजरात से लौट रहे हैं

ये फोटो मुंबई से उदयपुर आने वाली बस का है। लोगों को घर पहुंचने की इतनी जल्दी है कि सीट न मिलने पर खड़े-खड़े ही सफर कर रहे हैं। बड़ी संख्या में यात्रियों के आने की सूचना पर प्रशासन अलर्ट है। प्रशासन ने पुलिस के साथ मिलकर चेक पोस्ट बनाई है। यात्रियों की जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएग।

सतर्कता : 104 लोगों को 14 दिन रखेंगे होम आइसोलेट और क्वारेंटाइन, रोज होगी जांच

जिला प्रशासन ने कोरोना से रोकथाम के लिए 104 लोगों को शुक्रवार को क्वारेंटाइन और होम आइसोलेट किया गया है। इनमें कोरोना प्रभावित 14 देशों सहित देश के अन्य राज्यों से पिछले 10 दिनों में आए 14 पर्यटक और स्थानीय लोग शामिल हैं। इन्हें 14 दिन तक ओटीसी में रखा गया है, जबकि शेष 90 को अपने घर में ही रहने की हिदायत दी गई है। मेडिकल टीम को भी रेगुलर चेकअप करने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी कैलाश चंद्र बिश्नोई ने संबंधित थाना पुलिस को होम क्वारेंटाइन लोगों की निगरानी के लिए सीआई से लेकर कांस्टेबल को तैनात करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि इन लोगों में कोरोना वायरस का कोई लक्षण नहीं मिला है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुबह शहर के सभी थाना सर्किल सहित सलूंबर क्षेत्र में होम क्वारेंटाइन की सूचना भेजी गई थी। शहर के कुछ क्षेत्र के लोगों को ओटीसी भेजा गया है, जहां एक सीआई सहित 15 पुलिसकर्मी तैनात हैं। घर में रखे लोगों के लिए तैनात बीट कांस्टेबल को समय-समय पर लोगों के संपर्क करने को लेकर भी निगरानी करने के निर्देश दिए है।

देर रात एक विदेशी महिला को ओटीसी में क्वारेंटाइन किया गया।

वायरल अफवाह : सीएमएचओ की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज, एसपी ने भी की अपील

कोरोना वायरस के संबंध में सोशल मीडिया पर भ्रामक मैसेज फैलाने वालो के खिलाफ सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी की शिकायत पर हिरणमगरी थानाधिकारी ने धारा 177, 188 और आईटी एक्ट 66 ए में मामला दर्ज किया गया। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई ऑडियो रिकॉर्डिंग में भ्रामक जानकारी होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई। एसएसपी बिश्नोई ने आमजन को सोशल मीडिया पर चल रहे भ्रामक समाचारों, ऑडियो, वीडियो से सावधान रहने और इन्हें शेयर ना करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में निगरानी रखी जा रही है। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएम ने उदयपुर सहित टूरिस्ट सिटी के प्रशासन को किया खास अलर्ट

सीएम गहलोत ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टर,एसपी और चिकित्सा अधिकारियों से फीड बैक लिया है। सीएम गहलोत ने कहा कि दो दिन पहले तक प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर स्थिति नियंत्रण में थी, लेकिन संक्रमण के कुछ और मामले सामने आने के बाद हमारी चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि हमारा प्रदेश इस वायरस के कम्यूनिटी ट्रांसमिशन के दौर से गुजर रहा है। उदयपुर,चित्तौड़,अजमेर,जयपुर और जोधपुर सहित ऐसे जिले जहां पर्यटकों की आवाजाही ज्यादा रहती है, वहां प्रशासन विशेष सतर्कता बरतें। दूसरे राज्यों से आने वाले यात्रियों पर भी निगरानी रखी जाए। आगामी एक माह में होने वाले मेलों, शोभायात्रा, जुलूस सहित अन्य आयोजन जिनमें भीड़ एकत्रित होती हो, उन्हें स्थगित करवाया जाए। कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती से कानूनी कार्रवाई हो और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं रोकें। कलेक्टर अपने स्तर पर भी इस संबंध में आवश्यक निर्णय ले सकते हैं। होम आईसोलेशन, धारा 144 तथा संबंधित क्षेत्रों में कर्फ्यू की कड़ाई से पालना करवाई जाए।

प्रभारी अधिकारी बोले : लॉकिंग भी की जा सकती है, लेकिन घबराएं नहीं, घरेलू सामान खरीदने की छूट रहेगी : प्रदेश सरकार के जयपुर से भेजे उदयपुर के प्रभारी अधिकारी डॉ. उमेश खन्ना ने बताया कि संक्रमण को रोकने का सबसे अच्छा उपाय बचाव है। लोग घरों से बाहर नहीं निकलें। इसलिए धारा-144 लगाई गई है। हो सकता है कि लॉकिंग भी हो जाए, लेकिन लॉकिंग तभी होगी जब कंडीशन इससे ज्यादा सीरियस होगी। अगर लॉकिंग की जाएगी तो लोग घबराएं नहीं घरेलू सामान खरीदने की भी छूट दी जाएगी। घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

आरएनटी में इलेक्टिव सर्जरी टाली : आरएनटी मेडिकल कॉलेज के सभी अस्पतालों में इलेक्टिव सर्जरी आगामी आदेश तक टाल दी गई हैं। एमबी और जनाना में रोज करीब 50 इलेक्टिव सर्जरी होती हैं। हालांकि आपातकालीन सेवाएं बहाल रहेंगी।

कोरोना एडवाइजरी

कलेक्टर बोलीं- उदयपुर में स्थिति नियंत्रण में है, लॉकडाउन नहीं

कलेक्टर आनंदी ने बताया कि उदयपुर में स्थिति नियंत्रण में है। फिलहाल उदयपुर को लॉकडाउन नहीं करने का निर्णय लिया गया है। फिलहाल आवश्यक वस्तुओं के लाने-पहुंचाने पर कोई रोक नहीं है। परिस्थिति कोई भी हो लोगों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। घबराएं बिल्कुल भी नहीं। लेकिन कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए घरों में ही रहेंगे। अनावश्यक वस्तुएं जैसे- कपड़ा, जूता-चप्पल, बर्तन, इलेक्ट्रोनिक्स, सराफा आदि बाजारों को बंद करने के लिए व्यापार एसोसिएशन से बात की है ताकि भीड़भाड़ नहीं हो।

घबराइए मत, जरूरत की चीजें मिलती रहेंगी

- **डेयरी :** दूध-दही-घी सब कुछ मिलता रहेगा।
- **रसोई गैस सिलेंडर :** सभी एजेंसी पर रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई सामान्य रूप से चल ही है। स्टॉक पर्याप्त है।
- **पानी :** वाटर सप्लायर घर-घर पानी देकर जा सकेंगे।
- **मेडिकल :** सभी अस्पताल-मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे।
- **एयरपोर्ट :** महाराणा प्रताप डबोक एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें हमेशा की तरह जारी रहेंगी।
- जिले में अतिआवश्यक होने पर वाहन चलेंगे, लेकिन सेनेटाइजर-डिसइंफेक्शन आदि प्रक्रिया फॉलो करनी होगी।
- आवश्यक वस्तु जैसे- खाद्य पदार्थ प्रतिदिन की तरह मिलेंगे।

उदयपुर ट्रेवल्स एसोसिएशन का निर्णय: सभी रूटों पर बंद की बसें

उदयपुर ट्रेवल्स एसोसिएशन ने 22 मार्च से अगले आदेश तक सभी रूटों पर चलने वाली बसे बंद करने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि 22 मार्च से सभी बुंकिग ऑफिस भी बंद रहेंगे। सिंघवी ने बताया कि बसे बंद रहने से बाहरी लोगों के उदयपुर आने पर भी काफी हद तक अंकुश लग सकेगा। इधर आरटीओ प्रकाश सिंह राठौड़ ने बताया कि यात्री वाहनों पर निगरानी रखना शुरू कर दिया है।

पेट्रोल पंप खुले रहेंगे

पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन उदयपुर की शुक्रवार को हुई बैठक में कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि आवश्यक सेवाओं के चलते और आमजन की सुविधा के लिए पेट्रोल पंपों को खोलने का निर्णय लिया है। सचिव राज राजेश्वर जैन ने बताया कि पेट्रोल पंपों पर काम करने वाले कर्मचारियों और आने वाले ग्राहकों की सुरक्षा का पुरा ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए सभी पेट्रोल पंपों पर सेनेटाइजर और मास्क रखवाएं गए है।

परिवहन में ये बदलाव

उदयपुर से जयपुर या कहीं और जाना-आना मुश्किल, फिलहाल निजी वाहनों पर रोक नहीं

परिवहन विभाग ने भीलवाड़ा-राजसमंद-महाराष्ट्र जाने-आने वाली सभी व्यावसायिक वाहन, कैब आदि यातायात सेवाएं बंद कर दी हैं। भीलवाड़ा के पड़ोसी जिले चित्तौड़गढ़ का भी यातायात रोक दिया गया है। ऐसे में उदयपुर से बाहर जाना-आना मुश्किल रहेगा। हालांकि फिलहाल निजी वाहनों के आने-जाने पर रोक नहीं लगाई गई है।

मेवाड़, खजुराहो, होलीडे ट्रेन भी 31 तक रद्द हुई

उदयपुर रेलवे के क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि 21 से 31 मार्च तक के लिए उदयपुर से हजरत निजामुद्दीन जाने-आने वाली मेवाड़ एक्सप्रेस, उदयपुर से खजुराहो जाने-आने वाली खजुराहो एक्सप्रेस और होली-डे एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। शनिवार को सिर्फ चेतक एक्सप्रेस दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए जाएगी।

जनता कर्फ्यू : सवीना सब्जी मंडी, टाउन हॉल बाजार कल बंद

सवीना फल-सब्जी मंडी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश खिलवानी ने बताया कि 22 मार्च को फल-सब्जी मंडी बंद रहेगी। जनता कर्फ्यू में टाउन हॉल लिंक रोड व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े व्यापारी भी अपना व्यापार पूरी तरह से बंद रखेंगे। एसोसिएशन अध्यक्ष कमलेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि ऐसा करने से बाजार में लोगों के नाहक आने पर रोक लग सकेगी।

इन बाजारों पर आज होगा निर्णय

चैम्बर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन के पूर्व अध्यक्ष और डिप्टी मेयर पारस सिंघवी ने बताया कि रेस्टोरेंट, कपड़ा व्यापार, रेडीमेड कपड़ा व्यापार, होटल, बर्तन, जूता-चप्पल, इलेक्ट्रोनिक्स, सराफा आदि बाजार को बंद रखने के लिए शनिवार को बैठक होगी। हालांकि अमूमन गैर जरूरी बाजार बंद रखने की पहल शनिवार से व्यापारी खुद करेंगे।

डीएसओ ज्योति ककवानी ने बताया कि हजारेश्वर कॉलोनी स्थित लक्ष्मी फार्मा के विरूद्ध मास्क, सेनेटाईज़र की कालाबाजारी पर कार्यवाही की गई।

कोरोना का असर : स्वायत्त शासन विभाग के आदेश, निकायों की टीमों ने आमजन को किया जागरूक

वाटिकाओं-मैरिज गार्डन की बुकिंग नहीं, निगम-यूआईटी में 31 तक प्रवेश बंद, जरूरी हो तो हैल्प लाइन पर करें संपर्क

सिटी रिपोर्टर | उदयपुर

कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर सावधानियों के तहत नगर निगम और यूआईटी में 31 मार्च तक आमजन के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। अति आवश्यक काम होने पर ही कोई आ सकेगा। स्वायत्त शासन विभाग ने शुक्रवार को इसके आदेश जारी किए। कलेक्टर आनंदी ने निगम-यूआईटी को अगले आदेश तक वाटिकाओं-मेरिज गार्डन की बुकिंग नहीं करने के निर्देश दिए हैं।

स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं संयुक्त सचिव उज्ज्वल राठौड़ ने बताया कि 31 मार्च तक नगर निगम सहित सभी निकायों में आमजन के आने पर रोक रहेगी। हालांकि स्टाफ आम दिनों की तरह ही काम करेगा। किसी व्यक्ति को अति आवश्यक काम होने पर परिस्थितियों को देखते हुए निकाय परिसर में प्रवेश करने दिया जाएगा। यूआईटी ने शुक्रवार से ही आमजन का प्रवेश बंद कर दिया है। सचिव अरुण हसीजा ने मेन गेट पर तैनात होम गार्ड को अति आवश्यक काम वालों को ही यूआईटी में प्रवेश करने के निर्देश दिए हैं। यूआईटी और निगम की टीमों ने शुक्रवार को अलग अलग क्षेत्रों में घूमकर लोगों को जागरूक करने का काम भी किया।



यूआईटी का गेट बंद

निगम : आवश्यक हो तो इन नंबर पर करें संपर्क

मेयर जीएस टांक ने बताया कि निगम से जुड़ा कोई अति आवश्यक काम हो तो टेलीफोन नंबर 2421255, 2410323 या निगम के हैल्प लाइन नंबर 2426262 या 2410687 पर संपर्क किया जा सकता है। निगम जल्द से जल्द समस्या समाधान का प्रयास करेगा। आयुक्त अंकित सिंह ने बताया कि commudr@gmail.com और nagarnigam.udz@gmail.com पर मेल भेजकर भी लोग अपनी निगम तक पहुंचा सकते हैं।

गांवों में भी जनजागरूकता के प्रयास हुए तेज : बड़गांव सरपंच संजय शर्मा ने पंचायत क्षेत्र के लोगों से आगामी दिनों तक सामाजिक समारोह, मेले, शोभायात्रा स्थगित करने की अपील की है। सरपंच ने लोगों से भीड़ में नहीं जाने और पंचायत क्षेत्र में कार्यरत नरेगा श्रमिकों को भी कोरोना के असर से हर संभव उपाय करने को सावचेत किया है।

शहर के कई व्यापारिक संगठनों का निर्णय दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक ही खुलेगा बाजार

उदयपुर | झुंझुनूं और भीलवाड़ा में कोरोना पॉजिटिव के मामले सामने आने पर उदयपुर प्रशासन भी और ज्यादा अलर्ट हो गया है। उसके बाद कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक निर्णय लिए है। इधर बापू बाजार सहित शहर के व्यापारिक संगठनों ने 31 मार्च तक दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक ही बाजार खुला रखने का निर्णय लिया है। जबकि उदयपुर ट्रेवल्स एसोसिएशन ने 22 मार्च से अगले आदेश तक सभी रूटों पर वीडियो कोच का संचालन बंद करना तय किया है। प्रशासन और पुलिस ने शुक्रवार को बापू बाजार व्यापारी संघ,अश्विनी बाजार व्यापार संघ और टाउन हॉल लिंक रोड व्यापारी एसोसिएशन के साथ बैठक की। उसमें आम राय से व्यापारियों ने 31 मार्च तक दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक ही दुकानें खुली रखने की सहमति दी। उसके बाद शाम 6 बजे व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दी।